**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 15.07.2026** **समय : 02.10PM**

## पीएम मोदी पंजाब दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को पंजाब दौरे पर जाएंगे। वे सबसे पहले चंडीगढ़ स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचेंगे, जहां विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे जालंधर कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्निर्मित 74 अन्य रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। श्री मोदी संत रविदास एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जो अमृतसर को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से जोड़ेगी।

## लखन पटेल पशुपालन विभाग

प्रदेश में मंत्रिमंडल में बदलाव हुआ है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) लखन पटेल से पशुपालन विभाग वापस ले लिया गया है। यह विभाग अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पास रखेंगे। इसके बाद लखन पटेल अब केवल आनंद विभाग के मंत्री रह गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। लखन पटेल पथरिया विधानसभा से विधायक हैं. साल 2023 में सरकार के गठन के साथ लखन पटेल को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी थी.

## इंदौर से आबू धाबी फ्लाइट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर से आबू धाबी के लिए प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह उड़ान टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित की जाएगी और सप्ताह में चार दिन- सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध रहेगी। अभी तक इंदौर से आबू धाबी जाने के लिए यात्रियों को दिल्ली या मुंबई होकर जाना पड़ता था, जिसमें सात से आठ घंटे लगते थे। नई उड़ान से यह सफर सिर्फ तीन घंटे पंद्रह मिनट में पूरा हो सकेगा।

## बलराम कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में "बलराम कृषि महोत्सव" का भी शुभारंभ करेंगे। यह महोत्सव लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी परिसर में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है और इसी कड़ी में यह महोत्सव आयोजित हो रहा है। महोत्सव में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, जैविक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इंदौर के बाद यह महोत्सव धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर और खंडवा में भी आयोजित किया जाएगा।

## भारत टैक्स में एमपी

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 17 जुलाई भारत टेक्स 2026 चल रहा है। इसमें प्रदेश के पेवेलियन में पीएम मित्र पार्क, टेक्सटाइल इको सिस्टम और निवेश अनुकूल नीतियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने देश-विदेश के संभावित निवेशकों से विस्तृत चर्चा कर उन्हें प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं से अवगत कराया। प्रदेश ने अन्य छह पीएम मित्र राज्यों के साथ एक राउंडटेबल सत्र में भी भागीदारी की।

**सिंधिया- अशोकनगर दौरा**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज रात अशोकनगर पहुंचेंगे और कल से अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करेंगे। कल वे तार वाले बालाजी मंदिर में दर्शन करने के बाद जनसुनवाई करेंगे और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करेंगे। शाम को सेमरखेड़ी में विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण करेंगे। वहीं 17 जुलाई को कलेक्ट्रेट में डीवीएमसी की बैठक के बाद श्री सिंधिया प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसी दिन अशोकनगर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से गर्मी ने फिर जोर पकड़ लिया है। प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पिछले छह दिनों से प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश दर्ज नहीं की गई है और अगले पांच दिनों तक भी भारी बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। अब तक प्रदेश में साढ़े नौ इंच बारिश हुई है, जबकि इस अवधि तक सामान्य वर्षा साढ़े दस इंच मानी जाती है। मौसम विभाग के मुताबिक आज इंदौर, उज्जैन, रतलाम, छिंदवाड़ा, बालाघाट सहित 21 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

- पीआईबी भोपाल द्वारा देश के समग्र विकास और साल 2047 तक भारत को एक सशक्त व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर  रीवा में कार्यक्रम  आयोजित किया गया।
- आगरमालवा जिले में कल व्यावसायिक प्रतिष्ठानों , होटल संचालकों, दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के बारे में जानकारी दी गई।
- झाबुआ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के अंतर्गत जिले में 19 जुलाई को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- शिवपुरी की पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने कल खुद बैराड़ थाने पर आयोजित 'ग्राम चौपाल' में लोगों से जन संवाद किया।
- दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने छतरपुर जिलेके बड़ामलहरा स्थित केंद्रीय विद्यालय का बीते रोजनिरीक्षण किया।
- नर्मदापुर जिले में कृषक कल्याण वर्ष के तहत जिला प्रशासन किसानों की कृषि लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दे रहा है।